# ACB Newsletter

Vol. 7, Issue 3-4, July-Dec. 2020

## Inside this Issue


- Activities at a Glance
- Hindi Diwas
- संविधान दिवस मनाया
- पाँच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर
- National Mathematics Day
- Online Webinars


## From the Desk of Editor-in-Chief

*Warm greetings to all the readers from the Editorial Board. The thired and fourth quarter of the year 2020 was full of myriad activities in academics, co-curricular as well as research and Development area. This issue brings to its readers all the activities and events like Hindi Diwas , Constitutional Day and National Mathematics Day. The team hopes that this newsletter gives its readers a new experience.*

*-Editor-in-Chief*



Aggarwal College Ballabgarh brought laurels in the field of sports. They made the college proud by winning **All Over Trophy** (2019-20) in events Kick Boxing, Archery, Shooting, Baseball and Soft Ball organised by Maharshi Dayanand University Rohtak. Principal Dr. Krishan Kant Gupta congratulated the winners and prayed for their bright future.

## Pick of the Issue



**Winners of Overall Trophy (Sports) M.D.University, Rohtak 2019-20**




21 अक्तूबर 2020 को राष्ट्रीय सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता, वरिष्ठ प्राधापकों, गैर शिक्षक वर्ग के सदस्यों तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) एन.टी.पी.सी. फरीदाबाद ने बल्लबगढ़ के सपूत और महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी शहीद जयभगवान शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर याद किया।

Vol. 7, Issue 3-4, July-Dec.2020

# ACTIVITIES AT A GLANCE

## वेबिनार आयोजित

आज दिनांक 10–08–2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों ने एक वेबिनार आयोजित किया। महविद्यालय में प्रत्येक महीने की 10 तारीख को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाना निश्चित हुआ था। उसी के अंतर्गत आज विद्यार्थियों ने वेबिनार के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुति दी। महविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है उन्हीं की सतप्रेरणा से आज ये एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस मनाया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की एकता ही इसको सर्वश्रेष्ठ बनाती है और युवा पीढ़ी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में अपना योगदान दें। वेबिनार में सिमरन ने एक गीत प्रस्तुत किया। शिखा त्यागी ने भाषण, परंपरागत वेशभूषा, प्रभा (बी .कॉम तृतीय वर्ष), आरती वर्मा व नैन्सी ने संभाषण, दिव्या ने भाषण, सुजाता (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष) ने गीत तथा खुशबू ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। इस मौके पर क्लब के सदस्य डॉ. मनोज शुक्ला (नोडल ऑफिसर ई. बी. एस. बी. क्लब), डॉ. रेखा सैन, सुप्रिया ढांडा व डॉ. पूजा सैनी उपस्थित रहे।




## Challenges and Opportunities for Women Entrepreneurship

दिनांक 22 सितंबर 2020 को म्दजतमचतमदमनतेीपच ब्सनइ के द्वारा छात्राओं तथा महिलाओं के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया। Post Covid &19 Era " Challenges and Opportunities for Women Entrepreneurship"- वेबिनार में के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ᐢ इसमें मुख्य वक्ता प्रो अंजना गर्ग तथा श्रीमती जया गोयल थीं। प्रो अंजना गर्ग ने बताया कि ऐसी बहुत सी ऐसी महिला उद्यमी हैं जिन्होने छोटे स्तर से कार्य शुरू किया और समय के साथ साथ परिवार के लिए आय का स्त्रोत बनी। उन्होने यह बताया कि ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमे छात्राओं के लिए उद्यमशीलता के क्षेत्र हैं। श्रीमती जया गोयल जो कि I am SME's of India की महिला उद्यमी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हैं उन्होने बताया कि यदि हममें साहस और इच्छा है तो अवसरों की कमी नहीं है। सरकार की अनेकों उद्यमशीलता की नीतियों की व्याख्या की। मुख्य अतिथि डॉ कृष्णकान्त जी ने अपने भाषण में बताया कि महिला उद्यमशीलता समय की मांग है ᐢ प्रत्येक असफलता सफलता का पहला पड़ाव होता है। सभी में क्षमता है, आवश्यकता है साहस की। उन्होने I am SME's के प्रयत्नों को सराहा। इस वेबिनार में डॉ मनोज शुक्ला (कनवीनर), डॉ डिंपल (Organizing Secretary) और विनीत नागपाल तकनीकी सहायता के रूप में उपस्थित थे। डॉ डिंपल ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ते हुए प्राचार्य डॉ कृष्णकान्त जी का विशेष रूप से धन्यवाद तथा मुख्य वक्ताओं के विचारों के लिए अनेक प्रयत्नों को सराहा।

## उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा

दिनांक 18.09.2020 को उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत पाँच गावों (चांदावली, सुनपेड़, म्लेरना, सोतई, साहूपुरा,) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर ग्रामीणों सरपंच ,उपसरपंच, वार्ड मेम्बर तथा अनेक नागरिकों के मध्य में विसद चर्चा की गई ।



चर्चा के मध्य में ग्रामीणों ने नई शिक्षा नीति पर उत्सुकता दिखाई। अधिकांश ग्रामीण जानना चाहते थे कि यह शिक्षा नीति किस प्रकार से लाभकारी होगी तथा यह किस प्रकार से छोटे बच्चों पर किताबों के भारी बोज को कम कर पाईगी । अनेक ग्रामीण यह भी जानना चाहेते थे की गावों में शिक्षा के प्रसार तथा नए स्कूलो के निर्माण में क्या कुछ परिवर्तन होगा ? अधिकांश ग्रामीणों ने नई शिक्षा प्रणाली 2020 को देश की उन्नति के लिए सार्थक बताया तथा देश को नई शिक्षा नीति देने के लिए भारत

Vol. 7, Issue 3-4, July-Dec.2020

सरकार को धन्यवाद दिया ।
डॉ. देवेंदर, डॉ. मीनू व सुभाष सहित कॉलेज के BA Volunteers ने



गॉव –गॉव जाकर नई शिक्षा नीति के माध्यम से उन्नति तथा स्वरोजगार उत्पत्ति से ग्राम वासियों को अवगत कराया । कॉलेज टवसनदजममते के रूप में काजल, भावना, अतुल, स्नेहा, आदि छात्र व छात्राओ ने इस पहल में हिस्सा लिया । गावों के गणमान्य व्यक्तियों देवदत, दलीप, परवीन, राहुल, महावीर, पन्नलाल, मदन , व मॉस्टर राम सिंह नंबरदार आदि ने प्रमुख रूप से चर्चा में हिस्सा लेकर इसे सार्थक रूप प्रदान किया ।

## प्रथम पुण्यतिथि पर स्वर्गीय लाला रतन सिंह गुप्ता जी को भावभीनी श्रद्धांजलि

अग्रवाल महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व प्रधान परम श्रद्धेय स्वर्गीय लाला रतन सिंह गुप्ता जी की प्रथम पुण्यतिथि पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने उनको स्मरण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने उनके सद्विचारों, सादगी, कर्मठता और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता को सदैव तत्पर रहने के महत् जीवन आदर्शों की चर्चा



करते हुए बताया कि उन्होंने 1980 से लेकर 2015 तक निरंतर 35 वर्ष तक अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा और अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान पद को सुशोभित किया। बल्लबगढ़ ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में शिक्षा में किए गए श्रेष्ठ कार्यों के लिए स्वर्गीय लाला रतन सिंह गुप्ता जी चिर स्मरणीय रहेंगे।

**अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़** में दिनांक 08–10–2020 को प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के करकमलों के द्वारा सफल छात्राओं को आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को देखते हुए प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी ने महाविद्यालय की छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराया, जिसमें हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ एम ओ यू किया गया जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष महिला सशक्तिकरण हेतु छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाते हैं, ताकि छात्रा किसी भी प्रकार की विषम परिस्थितियों के समान बिना विचलित हुए कर सकें। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण के दौरान इनमे से कुछ छात्राओं ने किक बॉक्सिंग में रुचि दिखाई तथा महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। कुमारी श्वेता तथा कुमारी ललिता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और कुमारी अपेक्षा और कुमारी सुजाता ने राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया विश्वविद्यालय स्तर पर



पदक प्राप्त किए इस अवसर पर खेल निदेशक के.एल.कौशिक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता, शारीरिक शिक्षक डॉ.जगबीर सिंह उपस्थित थे।

### कोविड-19 की रोकथाम के लिए शपथ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में आज सुबह 11 बजे महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापकों व शिक्षणेतर स्टाफ के सदस्यों द्वारा यह प्रतिज्ञा ली गई कि वे कोविड-19 के प्रसार को रोकने लिए स्वयं भी इससे जुड़े आचार-व्यवहार का पालन करेंगे तथा अपने विद्यार्थियों और आस-पास के लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। महाविद्यालय में ऑनलाइन चल रही कक्षाओं के माध्यम से भी इस शपथ को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। महाविद्यालय में यह प्रतिज्ञा हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए 'जन-आंदोलन कोविड-19' के अंतर्गत संबंधित



विभाग के आदेशानुसार ली गई।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का चयन

आज अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 9 अक्टूबर 2020 को जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य और महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ.रणवीर सिंह गुलिया ने भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता द्वारा की गई। इस जिला स्तरीय एनएसएस की चयन प्रक्रिया में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों के रूप में प्रथम स्थान पर मुकुल सेठी सुपुत्र श्री मनोज सेठी अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़, द्वितीय स्थान पर



जयवीर सुपुत्र श्री जरमल राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद तथा तृतीय स्थान पर काजल सिंह सुपुत्री श्री राकेश सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय फरीदाबाद रही। इस दिन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार अग्रवाल महाविद्यालय में स्वयंसेवकों और एनएसएस अधिकारियों की उपस्थिति मे समाजिक दूरी को बनाए रखने के लिए और कोरोना महामारी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु शपथ ली गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता व राष्ट्रीय पुरुस्कार विजेता प्रोफेसर रणवीर सिंह गुलिया की उपस्थिति में आह्वान किया गया– हम सभी कोरोना संबंधी आचार व्यवहार का अनुसरण करेंगे और





दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। इसी अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता व प्रोफेसर रणवीर सिंह गुलिया एनएसएस समन्वयक ने स्वयंसेवकों को उनके जिला स्तरीय चयन पर बधाई दी।

## अग्रवाल महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 26 नवम्बर 2020 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य संविधान के प्रति लोगो को सचेत करना था ताकि लोग समझ सकें संविधान उनके विषय में क्या कहता है और लोगों का क्या दायित्व है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी व इसके महत्त्व का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि आज सबको संविधान जानने की खास तौर पर संविधान की प्रस्तावना जानने




की जरुरत है। इसका एक–एक शब्द अपने आप में महत्वपूर्ण अर्थ लिए हुए है। संविधान दिवस की सार्थकता इसमें है कि हमें अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। आज ज्यादातर लोग अपने अधिकारों के प्रति तो सजग हैं परन्तु कर्तव्यों के प्रति नहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी व वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. जयपाल सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामचंद्र, राजनीति विभाग की प्रवक्ता डॉ. रितु, श्री सुभाष एवं डॉ. संतोष कुमारी ने विद्यार्थियों के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। डॉ. भीमराव अंबेडकर व अन्य सभी व्यक्तित्वों को जिन्होंने संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया उनको याद किया। इस मौके पर रितिका, मनीषा, खुशी, प्रदीप, आँचल व आरती आदि विद्यार्थियों ने संविधान के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। अंत में डॉ. रितु ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विश्व एड्स दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एक दिसंबर, 2020 से महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता को लेकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का संदेश दिया गया। इसी दिन एक वार्ता का




भी आयोजन किया गया जिसमें श्री पंकज नागर एवं सुश्री रेनू (कॉउंसलर, सिविल अस्पताल, बल्लबगढ़) वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एच. आई. वी. संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स और टी. बी. के कारणों और उपचारों के बारे में चर्चा की गयी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत जी ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय–समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करवाने का आश्वासन दिया। छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर मेकिंग, शार्ट फिल्म प्रतियोगिता (एच आई वी एड्स), नेल आर्ट, फेस पेंटिंग, मेहँदी, काइट मेकिंग, मैसेज वेस्ट मेट्रियल ऑन एच आई वी एड्स आदि में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ जयपाल सिंह (संयोजक, यूथ रेड क्रॉस) की देख रेख में श्री सुभाष (समन्वयक, यूथ रेड क्रॉस), श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, |रेड रिबन क्लब) और श्रीमती त्रिमेश कालरा (समन्वयक, रेड रिबन क्लब) एवं श्री लवकेश (समन्वयक, यूथ रेड क्रॉस) द्वारा संपन्न किया गया।

## वीर सपूत की कुर्बानी को किया याद

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 2 दिसंबर 2020 को प्रतिवर्ष की भांति श्री जय भगवान शर्मा की 25वीं पुण्यतिथि पर शहीद के परिवार के साथ प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने महाविद्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्प भेंट कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । रजत पुण्यतिथि के



अवसर पर उनकी माता जी श्रीमती प्रेमवती, शहीद की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश शर्मा, सुपुत्र श्री नरेश कौशिक एवं अन्य संबंधीगण को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ज्ञात हो, उप निरीक्षक स्वर्गीय श्री जय भगवान शर्मा जी गांव हीरापुर, जिला फरीदाबाद निवासी ने अपनी शिक्षा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में पूरी की थी। शिक्षा पूरी होने के बाद वे केंद्रीय औद्योगिक



सुरक्षा बल में वर्ष 1988 में भर्ती हुए थे। दिनांक 2.12.1995 को उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का मुकाबला करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनके सम्मान में ही महाविद्यालय परिसर में शहीद स्मारक स्थापित है। उनकी रजत पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर के. एल. कौशिक, श्रीमती कमल टंडन, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ नरेश कामरा, डॉ रामचंद्र, श्री लोकेश अग्रवाल, श्रीमती रितु, सुश्री सुप्रिया, डॉ. पूजा सैनी, श्री मनमोहन सिंगला, डॉ. जगबीर, श्री मोहित, डॉ. संतोष विश्नोई, सुश्री उदिता आदि गणमान्य जन ने शहीद को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की ।


## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया नौसेना दिवस


अग्रवाल महाविद्यालय बल्लमगढ़ में प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के



मार्गदर्शन में नेवी डे (नौसेना दिवस) आज दिनांक 4 दिसंबर को मनाया गया। नौसेना दिवस 1971 में भारत– पाकिस्तान युद्ध मे जीत हासिल करने, भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को याद करते हुए मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर एन० सी० सी० कैडेट्स द्वारा युद्धपोत पोस्टर बनाकर व नौसेना के इतिहास और पराक्रम को भाषण के माध्यम से रखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स रेखा, मोनिका, दिपेक्षा, गुल्फशा, ज्योति व प्रीति ने भाग लिया वहीं भाषण प्रतियोगिता में आरती, दिव्यांशी, रेखा ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

Vol. 7, Issue 3-4, July-Dec.2020




प्रतियोगिता का आयोजन एन० सी० सी० अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ० पूजा सैनी की देखरेख में हुआ। इस सफल आयोजन हेतु अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने व एन० सी० सी० नेवल इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल सिंह ने अधिकारी पूजा सैनी को व समस्त

## प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में दिनांक 01–12–2020 से जिला रैड क्रॉस सोसायटी फ़रीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फ़रीदाबाद के सहयोग से पाँच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा रैड क्रॉस की तीनों इकाइयों और सेंट जॉन एम्बूलैंस ब्रिगेड के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। जिला रैड क्रॉस सोसायटी फ़रीदाबाद से मुख्य प्रशिक्षक और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रारम्भ हुआ। शिविर में महाविद्यालय की डॉ. एम.पी.सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रैड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता और गृह उपचार की जानकारी देना है। पाँच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को




कैसे उठाना है, साँप, बन्दर, बिच्छू व कुत्ते के काटने और ज़हर फैलने पर प्राथमिक उपचार आदि की जानकारियाँ दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त ने शिविर का उद्घाटन किया और युवाओं को कोविड़ महामारी से सुरक्षित और स्वस्थ रहने की कामना की। युवा रैड़ क्रॉस संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने शिविर का संचालन करते हुए रैड क्रॉस के गठन, उद्देश्य और युवा रैड क्रॉस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और जानकारी दी कि यह शिविर दिनांक 05–12–2020 तक चलेगा जिसमें सफल स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जायेंगे। इस अवसर पर युवा रैड क्रॉस इकाई के काउंसलर श्री सुभाष और सेंट जॉन एम्बूलैंस के काउंसलर श्री लवकेश भी उपस्थित थे।

आज दूसरे दिन का प्रशिक्षण कार्य जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से आए प्रशिक्षक श्री रतन सिंह आजाद जी के द्वारा किया गया। उन्होंने



स्वयंसेवकों को घायल व्यक्ति के बहते रक्त को रोकने की विधि से अवगत कराया व विभिन्न विषैले जानवरों के काटने पर जो उपचार दिया जाना चाहिए के बारे में बताया उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी विषय की अधूरी जानकारी हमारे लिए हानिकारक होती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत जी ने प्रशिक्षण के साथ–साथ कोरोना महामारी से बचे रहने की भी हिदायत दी और मास्क, सैनिटाइजर और सामाजिक दूरी को अपनाने की सलाह स्वयंसेवकों को दी। प्राचार्य जी इस प्रकार के शिविरों का



आयोजन बार–बार करवाते रहते हैं जो छात्रों के लिए हितकारी होते हैं। शिविर के आयोजन की जिम्मेदारी प्राचार्य जी ने डॉक्टर जयपाल सिंह को

आज दिनांक 3 दिसंबर 2020 को शिविर के तीसरे दिन प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने शिविर का औपचारिक निरीक्षण किया व यूथ रेड




क्रॉस के स्वयंसेवकों को समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय जी ने संबोधित करते हुए कहा कि यूथ रेड क्रॉस की कैप पहनकर आप सामान्य नहीं रहते बल्कि विशेष बन जाते हैं और साथ–साथ आपकी सामाजिक जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। शिविर के प्रशिक्षक जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से आए श्री रतन सिंह आजाद ने आज स्वयंसेवकों को  घायलों को विभिन्न प्रकार की पट्टी बांधने के तरीके, कृत्रिम श्वासन और सी० पी० आर० की जानकारी स्वयंसेवकों को दी। महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस के मुख्य समन्वयक डॉ० जय पाल सिंह भी समय–समय पर स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहने व शिविर में ज्यादा से ज्यादा सीखने का निर्देश देते रहते हैं। इस शिविर में द्वितीय यूनिट के काउंसलर श्री सुभाष व तृतीय यूनिट के काउंसलर श्री लवकेश भी अपनी




भूमिका अदा कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस शिविर में महाविद्यालय की तीनों यूनिटों की लगभग 60 स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं।

दिनांक 4 दिसंबर को मनाया गया। नौसेना दिवस 1971 में भारत–पाकिस्तान युद्ध मे जीत हासिल करने, भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी कां याद करते हुए मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर एन० सी० सी० कैडेट्स द्वारा युद्धपोत पोस्टर बनाकर व नौसेना के इतिहास और पराक्रम को भाषण के माध्यम से रखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स रेखा, मोनिका, दिपेक्षा, गुल्फशा, ज्योति व प्रीति ने भाग लिया वहीं भाषण प्रतियोगिता में आरती, दिव्यांशी, रेखा ने अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता का आयोजन एन० सी० सी० अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ० पूजा सैनी की देखरेख में हुआ। इस सफल आयोजन हेतु अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने व एन० सी० सी० नेवल इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल सिंह ने अधिकारी पूजा सैनी को व समस्त कैडेट्स को



शुभकामनाएं दी।

रेड क्रॉस सोसाइटी और सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे



पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं गृह परिचर्या शिविर का आज दिनांक 05.12.2020 को समापन हुआ। गौरतलब है कि इस शिविर में महाविद्यालय की तीनों इकाइयों के लगभग 50 स्वयंसेवकों ने





पंजीकरण करवाया है। गत 4  दिनों से विख्यात शिक्षाविद डॉ० श्री एम० पी०व प्रशिक्षक श्री रतन सिंह आजाद स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को पशुओं के काटने, हड्डियों के टूटने,



आग से जलने, पेट दर्द होने, रक्त बहने, सांप और बिच्छू के काटने, नकसीर आने, पट्टियां बांधने व बिच्छू के काटने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार की बारीकियों से स्वयंसेवकों को लाभान्वित किया। इस शिविर के सफल आयोजन का श्रेय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी को जाता है। उन्होंने समापन सत्र में स्वयं सेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम अपना भविष्य नहीं बदल सकते पर अपनी आदतों को बदल सकते हैं और बदली गई आदतें हमारा भविष्य बदल सकती हैं। अपने उज्जवल भविष्य के लिए हमें सदा समय का सदुपयोग करना चाहिए व अनुशासन में रहना चाहिए तभी हम अपना भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। शिविर प्रतिदिन डॉ. जयपाल सिंह, श्री सुभाष व श्री लवकेश की देखरेख में चलता रहा अंत में डॉ० जयपाल सिंह जी ने रेडक्रॉस से आए प्रशिक्षक महान शिक्षाविद डॉ० श्री एम० पी० सिंह व श्री रतन सिंह आजाद जी का धन्यवाद किया।

## आंतरिक शिकायत समिति की बैठक

अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ में आंतरिक शिकायत समिति की ऑनलाइन बैठक 14—12—2020 को प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई । पीठासीन अधिकारी, श्रीमती कमल टंडन ने आईसीसी के प्रमुख और अन्य सदस्यों का स्वागत किया। प्रिंसिपल, डॉ.



कृष्ण कांत ने आईसीसी के सुधारों को साझां किया। उन्होंने आईसीसी की भूमिका और उद्देश्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सदस्यों और छात्रों के लिए एक उन्मुखीकरण—सह—कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने आगे कहा कि संबंधित चार्टर (यौन उत्पीड़न के खिलाफ नियमरू यौन उत्पीड़न) नियमों के अनुसार संबद्ध विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा अध्याय —9,विश्वविद्यालय कैलंडर वॉल्यूम —3 में जैसा की अधिसूचित किया गया है तथा पहले ही सदस्यों के साथ साझा किया जा चुका है। सदस्यों को अवगत कराया गया कि वेबसाइट पर पहले ही अपलोड किया जा चुका है। श्रीमती कमल टंडन ने आईसीसी के कामकाज पर प्रकाश डाला, उन्होंने यह भी साझां किया कि दोनों परिसरों में शिकायतकर्ता बक्से पहले ही लगाए जा चुके हैं। अधिवक्ता उमा चौहान( कानूनी सलाहकार) ने सुझाव दिया कि दोनों परिसरों में महिला हेल्पलाइन नंबरों के साथ बोर्ड प्रदर्शित किया जाए। समिति की सदस्य डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेणु माहेश्वरी, डॉ. डिंपल, डॉ. मीनू अग्रवाल और छात्र प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। आज की बैठक, प्रमुख और अन्य सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित देने के साथ समाप्त हुई।

## राष्ट्रीय गणित दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के 133वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 22 दिसंबर, 2020 को राष्ट्रीय गणित दिवसश महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन मे




मनाया। प्राचार्य महोदय, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के. एल. कौशिक जी के साथ विभाग के अन्य सदस्यों ने श्रीनिवास रामानुजन की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका मे गणित विभागाध्यक्ष डॉ० के० एल० कौशिक जी रहे तथा सह संयोजक के रूप में गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० नरेश कामरा सम्मिलित रहें। गणित विभाग अध्यक्ष डॉ. के. एल. कौशिक जी ने बताया कि गणित का मानवता के विकास में बड़ा महत्व है। इस महत्व के प्रति लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना ही राष्ट्रीय गणित दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, आलेख लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग शामिल थी। इस प्रतियोगिता में कुल 30 संस्थानों ने भाग लिया तथा 523 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, जिनमे से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे 359, आलेख लेखन



प्रतियोगिता मे 62 और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता मे 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने पर पुरस्कार स्वरूप 1500 रुपए, 1000 रुपए तथा 500 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन सैनी (बी. एव प्रथम वर्ष, आर. के. एस. डी. कॉलेज, कैथल), द्वितीय स्थान पायल गोयल (एम. एस. सी. मैथ्स प्रथम वर्ष, पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, फरीदाबाद) एवं तृतीय स्थान रीतिका देवी (बी. एस. सी. ऑनर्स तृतीय वर्ष, डी. ए. वी. महिला महविद्यालय, यमुनानगर) ने प्राप्त किया। आलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीप्ति (बी. एव प्रथम वर्ष, सरस्वती महिला महविद्यालय, पलवल), द्वितीय स्थान आकांक्षा आनंद (बी. कॉम तृतीय वर्ष, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़), तृतीय स्थान लिखिता डी (बी. एस. सी., सी. एस. एम. इ., क्रीशतु जयंती कॉलेज, बेंगलुरु, कर्नाटक) ने प्राप्त किया तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुरप्रीत कौर (बी. एस. सी. ऑनर्स प्रथम वर्ष, मोतीलाल नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), द्वितीय स्थान वैशाली अग्रवाल (बी. एस. सी. ऑनर्स द्वितीय वर्ष, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़), तृतीय स्थान आरजू (बी. एस. सी. ऑनर्स तृतीय वर्ष, डी. ए. वी. महिला कॉलेज, यमुनानगर) ने प्राप्त किया। आयोजन सचिव के रूप में सुश्री प्रिया अरोड़ा के साथ गणित विभाग के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहें।

**महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के द्वारा दिनांक 31 दिसंबर 2020 को बल्लबगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय का श्री ए. एस. मान डिपार्टमेंट आफ फिजिक्स के नेतृत्व में आए दल ने श्री प्रदीप कुमार डिपार्टमेंट आफ जियोग्राफी डा. निर्मल स्वैन डिपार्टमेंट आफ लाइब्रेरी साइंस डा. संदीप दलाल डिपार्टमेंट आफ कंप्यूटर साइंस के साथ महाविद्यालय का सावधि निरीक्षण किया।**
















# Online Webinars


















Vol. 7, Issue 3-4, July-Dec.2020

## Courses Offered

### Traditional Courses
- B.A.
- B.Com.
- B.Sc. (Non-Med.)

### Self-Finance Courses
- BBA
- BBA (CAM)
- BCA
- B.Com. (CA)
- B.Com. (Hons.)
- B.Sc. (Computer Sc.)
- B.Sc. (Electronics)
- B.A. (Hons) Economics
- B.Sc. (Hons.) Mathematics
- B.Sc. Non-Med. (Chemistry)
- B.A. (Hons) Chemistry
- B.Sc. (Hons.) Physics
- B.Voc. (Retail Management)
- B.Voc. (Software Development)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Economics)
- M.Sc. (Comp. Sc.)
- M.Sc. (Chemistry)
- M.A./M.Sc. (Maths)
- M.Sc. (Physics)
- M.Com.

### Add-on Courses
- **Functional English**
- **Accountancy and Tax Procedure**
- **Accounting on Computers**
- **Computer Hardware and Maintenance**
- **Retail Marketing**
- **Web Designing & Office Automation**

## Editorial Board

**Sh. Devender Kumar Gupta**
Chief Patron

**Dr. Krishan Kant**
Patron

**Dr. Ram Chander**
Editor- in- Chief

**Dr. Poonam Anand**
Associate Editor

**Dr. Geeta Gupta**
Associate Editor

**Dr. Sarika Kanjlia**
Associate Editor

**Dr. Shilpa Goel**
Associate Editor

**Sh. Vineet Nagpal**
Associate Editor

**Dr. Pooja Saini**
Associate Editor

**Chetna,** BA Final
Student Editor

**Nisha Khatana,** MA English Prev.
Student Editor

**Anu Kaushik,** B.Sc. Final
Student Editor

**Sh. Shiv Narain**
Logistic Support

**Sh. Saurabh Gupta**
Logistic Support

**Aggarwal College Ballabgarh**
(An ISO 9001:2015 and 14001:2015 Certified College)
A Co-educational Post Graduate College with Potential for Excellence (CPE) Status by UGC
Affiliated to M.D. University, Rohtak
Near Ambedkar Chowk, Tigaon Road, Ballabgarh, Faridabad (Haryana), INDIA - 121 004
Phone : +91-129-2308348 - 50, 2241391, Fax : +91-129-2300769, E-mail : aggpgcollege@gmail.com, Website : www.aggarwalcollege.org